an>

title: Need to link agricultural activities with MGNREGA.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि ग्रामीण क्षेत्र में अकुशल लोगों को, मजदूरों एवं किसानों को 100 दिन रोजगार देने के लिए मनरेगा योजना केन्द्र सरकार यहां पर लाई है। लेकिन ऐसा पाया जा रहा है कि देहातों में बहुत सारे लोगों को 100 दिन का रोजगार भी नहीं मिल रहा है। इस देश को कृषि प्रधान देश कहा जाता है और इस देश में अकुशल लोगों को सबसे ज्यादा रोजगार कोई देता होगा तो वह किसान देता है लेकिन किसान भी घाटे में आ रहा है, आत्महत्या हो रही हैं और उत्पादित माल को उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि अगर कृषि के काम को नरेगा से जोड़ा जाए और किसानों की खेती में भी में काम करने वाले मजदूरों को सौ दिन का रोजगार केन्द्र सरकार के माध्यम से, किसानों के माध्यम से दिया जाए तो किसानों का भी वहां पर अच्छा काम होगा और नरेगा का जो सही मायने में अर्थ है, वह भी लोगों के सामने आ जाएगा।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

श्री अरविंद सावंत को श्री प्रताप राव जाधव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।